हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 21 जुलाई 2025

06 सांसद आलोक शर्मा बोले दिव्यांगों की सेवा करने ...



07 जन स्वास्थ्य रक्षक संगठन ने मंत्री टेटवाल को सौंपा ...





## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति के लिए 30 तक होंगे रजिस्ट्रेशन

**सीहोर।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में छात्रवृत्ति के लिए जिले के सभी स्कूल एवं कॉलेज के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। इसमें बताया कि शासन के निर्देशानुसार कक्षा नौवीं से कॉलेज स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी 30 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते। जिससे केन्द्र द्वारा प्री-मैट्रिक अथवा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ विद्यार्थी प्राप्त कर सके। जिनके परिवार की वार्षिक आय सीमा 2 लाख 50 हजार से कम है वहीं लाभ के पात्र होंगे। वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। इसकी अंतिम तिथि 30 जुलाई है।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी


**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इसका समाज में व्यापक असर भी दिख रहा है।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।

# मूंग खरीदी में भी मांगी जा रही तुलाई के लिए रिश्वत, सर्वेयर ने ऑनलाइन डलवाए तीन हजार रुपए, वीडियो वायरल

**सीहोर।** मूंग खरीदी में भी गुणवत्ता जांच के नाम पर मनमानी और रिश्वतखोरी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। मेहनत की कमाई और अपनी ही फसल को बेचने के लिए किसानों को रिश्वत देना पड़ रहा है। रेहटी तहसील के नित्या वेयरहाउस में सर्वेयर के खुलेआम रिश्वत लेने का मामला सामने आया है। वायरल वीडियो में सर्वेयर ने ऑनलाइन तीन हजार रुपए डलवाए गए। इस वीडियो के वायरल होने पर हडक़ंप मचा हुआ है। राज्य की मोहन सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि मूंग खरीदी में गड़बड़ी होने पर तत्काल एक्शन लिया जाएगा। इसके बाद भी रिश्वतखोरी जारी है। किसान का सर्वेयर से बात करते और ऑनलाइन 3000 सर्वेयर के खाते में डाला गया। ऑनलाइन रिश्वत देने का स्क्रीनशॉट और उसके पहले बातचीत का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में पैसों के लेन-देन की चर्चाएं हैं तो वहीं एक मोबाइल नंबर 9238607716 का भी जिक्र है। जब इस नंबर पर फोन लगाया गया तो यह नंबर राजस्थान का बताया जा रहा है एवं कोई ऑनलाइन संचालक से संबंधित है। वायरल वीडियो में सर्वेयर पैसों के लिए नंबर देते हुए सुनाई दे रहा है। फिलहाल मामला सुर्खियों में है।






### जांच में सामने आया 500 क्विंटल अमानक मूंग

क्षेत्र के वासुदेव गांव स्थित रामानंद वेयर हाउस पर किसान की शिकायत के बाद जब जांच दल पहुंचा और यहां पर मूंग के स्टेक की जांच की तो अमानक मूंग निकलकर सामने आया। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 500 क्विंटल से भी अधिक अमानक मूंग प्रारंभिक जांच में सामने आया है। इसके अतिरिक्त अभी वेयरहाउस में रखे अन्य मूंग की भी जांच की जाएगी।

### गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

कृषि विभाग के एडीए अनिल जाट ने बताया कि हमारे पास अभी तक ऐसा कोई वीडियो नहीं आया है। यदि गड़बड़ी हो रही है तो इसकी जांच कराई जाएगी एवं कार्रवाई भी की जाएगी। मूंग खरीदी में किसी भी प्रकार की गड़बड़ियां बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला सहकारी बैंक रेहटी के शाखा प्रबंधक रघुबीर मालवीय ने बताया कि सहकारी समितियों द्वारा खरीदी में सहयोग किया जा रहा है। समितियां खरीदी से संबंधित व्यवस्थाओं में लगी हुई है। सर्वेयरों द्वारा मूंग की जांच की जाती है।

### भैरूंदा में पकड़ा था खरीदी से पहले मूंग

जिले के भैरूंदा में राजस्व विभाग की टीम ने मूंग खरीदी से पहले वेयर हाउस में रखने के लिए जा रहे मूंग के ट्रक को पकड़ा था। इसमें बड़ी संख्या में मूंग था, जो हरदा जिले से लाया जा रहा था। हालांकि वेयर हाउस में रखने से पहले ही राजस्व अमले ने पकडक़र जप्त कर लिया था। ऐसी धांधलियां हर वर्ष कई वेयर हाउसों में होती है, लेकिन इस बार प्रशासन की सतर्कता से ऐसा नहीं हो पाया है।

## कॉलोनाइजर ने एसडीएम न्यायालय को भी दी गलत जानकारी, रजिस्ट्री के बाद नामांतरण भी कराया

# फर्जीवाड़ाः एसडीएम ने जिस कॉलोनी को अवैध घोषित किया, उपपंजीयक ने उसकी कर दी रजिस्ट्री

सीहोर जिले के ग्राम अल्हादाखेड़ी में कट रही अवैध कॉलोनी का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

**सीहोर।** जिले में अवैध कॉलोनाइजर्स के हौंसले इस कदर बुलंद हैं कि वे अपनी मनमानी पर उतारू हैं। जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की भी धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि सीहोर एसडीएम ने जिस कॉलोनी को अवैध घोषित करके उसके निर्माण, रजिस्ट्री एवं नामांतरण पर रोक लगाने के आदेश दिए थे उन आदेशों को अधिकारियों ने ही हवाहवाई कर दिया। रोक के बावजूद उप पंजीयक द्वारा प्लाटों की रजिस्ट्रियां कर दी गईं। इस मामले को लेकर कलेक्टर की जनसुनवाई में भी आवेदन दिया गया है।

जानकारी के अनुसार सीहोर तहसील के ग्राम अल्हादाखेड़ी में भूमि खसरा नंबर 7/1/1/3, 7/1/1/4 रकबा 1.209 पर कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी विकसित की जा रही है। इस आवासीय कॉलोनी को एसडीएम न्यायालय द्वारा दिनांक 9 अगस्त 2024 को प्रकरण क्रमांक 148/बी/121/2024-25 आदेश से अवैध कॉलोनी घोषित करके उप पंजीयक, तहसीलदार सीहोर, नायब तहसीलदार सीहोर को आदेश पालन हेतु प्रतिलिपित तथा जनपद पंचायत सीहोर को प्रचार-प्रसार व प्रकाशन के लिए निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भी दिनांक 3 सितंबर 2024 को उप पंजीयक कार्यालय सीहोर द्वारा गौरीशंकर पिता सौदान सिंह एवं प्रियंका पाटिल पिता गौरीशंकर निवासी ग्राम मैना तहसील आष्टा जिला सीहोर के नाम से रजिस्ट्री कर दी गई। इसी तरह 23 अगस्त 2024 को संदीप जाट पिता नर्मदा प्रसाद निवासी ग्राम पिपलानी तहसील कन्नौद जिला देवास की भी रजिस्ट्री कर दी गई।



### कॉलोनाइजर के पास नहीं हैं अनुमतियां

ग्राम अल्हादाखेड़ी में भूमि खसरा नंबर 7/1/1/3, 7/1/1/4 रकबा 1.209 पर कॉलोनाइजर द्वारा बनाई जा रही कॉलोनी की अनुमतियां भी नहीं हैं। कॉलोनाइजर्स के पास कॉलोनी विकास अनुमति, कॉलोनाइजर लाइसेंस, ग्राम तथा नगर निवेश से कॉलोनी के भूखंडों का लेआउट का अनुमोदन भी नहीं है। इतना ही नहीं मप्र ग्राम पंचायत कॉलोनी का विकास नियम 2014 के अध्याय तीन के नियम 9 के तहत विकास शुल्क जमा किए बिना स्थल पर सड़क एवं बिजली लाइन का निर्माण कर भी किया जा रहा है और कॉलोनी में अवैध कॉलोनाइजेशन करते हुए भूखंडों का लगातार विक्रय किया जा रहा है। इस मामले में एसडीएम न्यायालय द्वारा कॉलोनाइजर को 15 जुलाई 2024 को नोटिस भेजकर कालोनाइजर लाइसेंस, डायवर्जन का आदेश, नगर तथा ग्राम निवेश की अनुमति, कॉलोनी विकास अनुज्ञा, विकास शुल्क जमा करने की रसीद, ग्राम पंचायत द्वारा भवन निर्माण हेतु अनुज्ञा आदि दस्तावेज के साथ 25 जुलाई 24 को उपस्थित होकर समस्त उक्त भूमियों के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया था।

### अवैध कॉलोनाइजर के विरूद्ध की गई कार्रवाई, एसडीएम ने लगाई रोक

एसडीएम तन्मय वर्मा द्वारा ग्राम अल्हादाखेड़ी स्थित अवैध कालोनी निर्माण के संबंध में कालोनाईजर-भूस्वामियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई थी। एसडीएम द्वारा ग्राम अल्हादाखेड़ी स्थित अवैध कालोनाईजर विनोद शर्मा पिता शशिधर शर्मा, यश शर्मा प्रकाश शर्मा, कुमेर सिंह रतन सिंह के विरूद्ध कार्यवाही कर आदेशित किया गया था। एसडीएम तन्मय वर्मा द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम की धारा 61च व 61छ के तहत मध्यप्रदेश पंचायत राज (कॉलोनियों का विकास) नियम 2014 के तहत ग्राम पंचायत क्षेत्र अल्हादाखेड़ी के ग्राम अल्हादाखेड़ी में छोटे-छोटे भूखंडों के अंतरण पर तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेश तक रोक लगाई गई है, ताकि अवैध कालोनी का निर्माण को बढ़ावा न मिलें। एसडीएम द्वारा कालोनाईजर एवं भूमिस्वामी को निर्देशित किया गया है कि वह अवैध कॉलोनी की इस भूमि का अंतरण नहीं करेंगे। आदेश का उल्लंघन की स्थिति में किए गए सभी अंतरण शून्य होने एवं ऐसे दस्तावेजों को कूटरचित माना जाएगा। सीहोर के उप पंजीयक को आदेश का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अवैध कॉलोनाइजर को आदेशित किया गया है कि यह अवैध कॉलोनी की भूमि पर स्थापित सभी चिन्हांकन, सभी प्रकार के निर्माण 15 दिवस में हटाएं। यदि सभी प्रकार के चिन्हांकन निर्माण न हटाने की स्थिति में म.प्र. ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम 2014 के 22(4) के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए सभी प्रकार के चिन्हांकन से विकास कार्य को हटाए जाने कि कार्यवाही की जाएगी और इस संबंध में शासन द्वारा की गई कार्यवाही में होने वाले व्यय को अवैध कॉलोनाइजर से भू-राजस्व तौर पर वसूल किया जाएगा तथा दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### वकील ने उपस्थित होकर दी गलत जानकारी

एसडीएम न्यायालय द्वारा जारी नोटिस के बाद कॉलोनाइजर के वकील ने उपस्थित होकर अपनी दलीलें पेश की। इस दौरान वकील द्वारा भी न्यायालय में गलत जानकारियां दी गईं। कॉलोनाइजर के वकील ने जानकारी दी कि भू-धारित स्वामी द्वारा विधिवत डायवर्सन करा लिया गया है। इसी तरह पंचायत, जिला पंचायत द्वारा विकास अनुमति एवं पंचायत आश्रय निधि में भी 50 हजार रूपए की राशि जमा करा दी गई है। सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग सीहोर द्वारा दिनांक 25-10-2021 को मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 तथा मप्र ग्राम पंचायत कॉलोनियों का विकास नियम 2014 के उपबंधों के अधीन उत्तरदाता कॉलोनाइजर के रूप में पंजीकृत है। इसके अलावा अन्य अनुमतियों को लेकर भी झूठा जबाव पेश किया गया। इसके साथ ही यह भी बताया गया कि उक्त समस्त दस्तावेजों की प्रति सूचना पत्र के उत्तर के साथ में संलग्न हैं, जबकि अंतिम आदेश में एसडीएम द्वारा इस जानकारी को गलत बताया गया है।

### जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई

आदेश के बाद भी अवैध कॉलोनी के भूखंडों की रजिस्ट्री और नामांतरण हो रहे हैं तो इसकी जांच की जाएगी एवं आगे की कार्रवाई की जाएगी। अवैध कॉलोनियों को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

**तन्मय वर्मा,** एसडीएम, सीहोर

## आज सावन के दूसरे सोमवार पर बड़ी संख्या में पहुंचेंगे श्रद्धालु

# आस्था का सैलाबः चार साल के बच्चे से लेकर 90 साल के बुजुर्ग कर रहे भगवान भोले का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देश और विदेश में करोड़ों शिव भक्तों की आस्था का केन्द्र सावन मास में भक्ति चरम सीमा पर है, प्रतिदिन हजारों की संख्या में कांवड लेकर जाने वालों में चार साल से लेकर 90 साल के बुजुर्ग एक लोट जल हर समस्या का हल और बम-बम भोल के जयकारे के साथ सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक पहुंच रहे है। रविवार को करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं को धाम पर भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। सोमवार को सावन के दूसरे सोमवार होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। वहीं मध्यप्रदेश से भी कई श्रद्धालु पैदल ही सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए धाम पर आ रहे है।

सावन मास वह समय जब श्रद्धा की धारा और शिवभक्ति की शक्ति मिलकर एक पवित्र यात्रा का रूप ले लेती है। यह केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मा से शिव तक पहुंचने की एक जीवंत साधना है। इसका एक उदाहरण शहर के रेलवे स्टेशन, सीवन नदी के तट से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक दिखाई दे रहा है। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की प्रेरणा और भगवान शिव की भक्ति से लबरेज शिव भक्त पूरे आनंद के साथ नंगे पैर आस्था और उत्साह के साथ कठिन डगर पर चल रहे है। कई कांवड वाले तो दंडवत करते हुए जा रहे है तो कोई कंधे पर कांवड लेकर चल रहे है।



### रविवार को गुरुदेव ने सेवा में लगे पंडाल में पहुंचकर उत्साहवर्धन किया

रविवार को सुबह दस बजे सीवन नदी से सोया चौपाल तक आस्था के साथ कांवड यात्रियों की सेवारत पंडालों में अचानक पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने सेवा कार्य करने वालों के कार्य की मुक्तकंठ तारीफ करते हुए कहाकि मानवता की सेवा करने से बेहतर कोई दूसरा कार्य नहीं है। सेवा हृदय और आत्मा को पवित्र करती है। सेवा से ज्ञान प्राप्त होता है और यही मनुष्य के जीवन का असली लक्ष्य है। कांवड लेकर जाने वालों के लिए आधा दर्जन से अधिक सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दिन रात सेवादार श्रद्धालुओं को खिचड़ी, चाय, नाश्ते, भोजन, बिस्कुट, फल, फलहार और पानी की बोतल और पाउच देकर रवाना कर रहे है।

**सीवन नदी का घाट पर लगा भक्तों का महाकुंभ :** शहर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। जिसके कारण शहर सहित आस-पास चहल-पहल नजर आ रही है। दूर दराज के क्षेत्रों के श्रद्धालु कांवड़ियों की भीड़ सीवन घाट पर देखने को मिल रही है। कांवड़ियों ने सुबह से ही कांवड़ उठाने का क्रम शुरू कर देते है।

घाट पर ही कांवड़ सजाने के साथ कांवड़यि अपने ईष्ट के लिए विधि विधान पूर्वक पूजा-पाठ कर रहे हैं। इसके बाद भगवान भोलेनाथ का नाम लेकर घाट से कांवड़ उठा रहे हैं और बम-बम भोले के जयकारे के साथ भगवान की भक्ति में लीन होकर अपने गंतव्य को रवाना हो रहे हैं। करीब 11 किलोमीटर दूर पहुंचकर बाबा कुबेरेश्वरधाम पर पूरी आस्था और विश्वास के साथ दिव्य अनुष्ठान करते है।

### आज हरदा से महिलाओं का जत्थ पहुंचेगा

इधर पूरे देश के आस्थावान श्रद्धालु अपनी क्षमता के अनुसार कांवड लेकर आ रहे है, कई ऐसे भक्त है जो सैकड़ों किलोमीटर नंगे पैर चलते हुए बाबा के धाम पर पहुंच रहे है। इछावर में हरदा सनातनी महिलाएं छिपानेर से पैदल चलते हुए सोमवार को धाम पर पहुंचेगी, वहीं धाम पर तीन महिलाएं मुरैना से पैदल चलकर आई है।

## कई गावों में सोयाबीन की फसल पर संकट

# बीज नहीं उगने व नकली कीटनाशक से खराब हुई फसल, किसानों ने कलेक्टर से मांगा मुआवजा

**सीहोर।** जिले में इस साल मानसून सक्रिय रहने के बावजूद किसानों की सोयाबीन की फसल खराब हो रही है। जिले में अब तक 449.7 एमएम (17.70 इंच) बारिश दर्ज की गई है। यह पिछले साल की इसी अवधि में हुई 318.6 एमएम बारिश से अधिक है।

जानकारी के अनुसार, पिपरिया मीरा और आसपास के क्षेत्र में कई खेतों में फसल सूख रही है। किसान नेता एमएस मेवाड़ा ने बताया कि कचनारिया, संग्रामपुर, राम खेड़ी, चंदेरी और छापरी गांवों में सोयाबीन की फसल प्रभावित हुई है। बीज न उगने और कीटनाशक दवाओं के कारण फसल को नुकसान पहुंचा है।

**कलेक्टर से मुआवजा और बीमा राशि दिलाने की मांग :** प्रभावित किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने खराब फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा और बीमा राशि की मांग की है। किसान नेता मेवाड़ा ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से प्रतिवर्ष प्राकृतिक आपदाओं और अन्य कारणों से सोयाबीन की फसल को नुकसान हो रहा है। तहसील से मुआवजे की राशि मिलती है। हालांकि, किसी भी गांव के किसानों को अब तक खराब हुई सोयाबीन फसल का बीमा भुगतान नहीं मिला है। सैकड़ों किसान हर साल फसल बीमा और मुआवजे की मांग करते हैं।



### पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिए शुरू होगा अभियान

**सीहोर।** आयुक्त भू-अभिलेख ने बताया है कि पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिये प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक किसानों से संपर्क कर सेचुरेशन से शेष रह गए किसानों से कार्यवाही पूर्ण कराई जाएगी और लाभ वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के बेहतर संचालन के लिये तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। किसानों द्वारा ई-केवायसी एवं आधार बैंक खाता डीबीटी के लिये इनेवल करने की कार्यवाही कर ली गई है। जिले में किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने की कार्यवाही की जा रही है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र कृषक परिवारों को वर्ष में कुल 6 हजार रूपये की राशि प्रदान की जा रही है। योजना की अनिवार्य कार्यवाही ई-केवायसी, आधार, बैंक खाता, डीबीटी केलिए इनेवल एवं फार्मर रजिस्ट्री जैसी अनिवार्य कार्यवाही पूर्ण उपरांत ही हितग्राहियों को राशि प्राप्त होती है। योजना की 20वी किस्त माह जुलाई 2025 में किया जाना प्रस्तावित है।

## खबर संक्षेप



### सीहोर अनुभाग स्तरीय मध्यान्ह समिति की बैठक आयोजित

**सीहोर।** सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा की अध्यक्षता में एस कार्यालय में अनुभाग स्तरीय मध्यान्ह भोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम तन्मय वर्मा ने सीहोर जनपद क्षेत्र में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्व-सहायता समूह के नवीनीकरण शालाओं से नवीन समूह के संलग्नीकरण संबंधी निर्णय लेकर ग्राम हीरापुर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में शीघ्र मध्यान्ह भोजन संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक जनपद सीईओ नमिता बघेल, बीआरसीसी अशोक वर्मा, माधवी सिंह, हेमलता सेंगर, जीडी नरवरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### ग्राम बकतरा के भगवत सिंह चौहान कनाडा में करेंगे रिसर्च



**सीहोर।** सीहोर जिला मुख्यालय की बुधनी तहसील के ग्राम बकतरा निवासी शिक्षक देवी सिंह चौहान के पुत्र भगवत सिंह चौहान ने वर्ष 2011 में शासकीय उच्चतर महाविद्यालय बकरा से कक्षा 12 वीं 88.8 प्रतिशत से उत्तीर्ण कर रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एज्युकेशन (क्षेत्रीय शिक्षण संस्थान) भोपाल से 2015 मे स्नातक उपाधि (ब.एस.सी.-बीएड) करने के बाद जे.ए.एम कम्पटीशन एग्जाम (जुआईंट एडमिशन टेस्ट फार मास्टर्स)उत्तीर्ण कर आईआईटी गोहाटी से 2017 मे एमएससी भौतिक शास्त्र की उपाधि प्राप्त की। नेट, गेट, जेस्ट उसके उपरांत की परीक्षा उत्तीर्ण कर सन 2020 में एचडी हेतु आईआईटी गोहाटी में जुलाई 2025 में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की।

### अभा श्री धाकड़ महासभा युवा संघ के राष्ट्रीय सचिव बने राजेंद्र नागर



**सीहोर।** अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसीराम नागर, अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री समंदर पटेल व शीर्ष नेतृत्व की सहमति से अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा युवा संघ के राष्ट्रीय के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय नन्देड़ा द्वारा राजेन्द्र नागर को अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा युवा संघ के राष्ट्रीय सचिव मनोनित किया गया है। श्री नागर के मनोनयन पर मुकेश नागर, विनोद नागर, हेमन्त नागर, गोलू नागर, सतीष नागर, कमलेश नागर, राधेश्याम नागर, पंकज नागर, जगदीश नागर, संतोष नागर, जितेन्द्र नागर आदि ने बधाई दी है।

### दिव्यांगों की पेंशन बढ़ाने की मांग प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के सामने रखेंगे सांसद

# सांसद आलोक शर्मा बोले दिव्यांगों की सेवा करने से मिलता है परम सुख

कार्यक्रम में पहुंचे सीहोर विस के दिव्यांगों को तीन हजार रुपए देने का सांसद ने किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारत सीहोर के सदस्यों से सांसद आलोक शर्मा ने सीहोर रेस्ट हाउस में मुलाकात की। इस दौरान सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि मेरा दिल्ली दौरा था, लेकिन खास मैं आप लोगों के लिए आया हूं। दिव्यांगों की सेवा करने से मुझे परम सुख मिलता है। मीडिया प्रभारी नरेश मेवाड़ा ने बताया कि सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि दिव्यांग भाई बहन की पीड़ा मैं और हमारी सरकार अच्छे से समझते है। मैं पूरी कोशिश करूंगा की दिव्यांगों की पेंशन जल्द से जल्द बढ़ जाए। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करूंगा और जरूरत पड़ी तो लोकसभा में भी मुद्दा उठाऊंगा। साथ ही मप्र के मुख्यमंत्री से भी आपकी पेंशन बढ़वाने के लिए आग्रह करूंगा। उन्होंने कहा कि अभी सीहोर विधानसभा क्षेत्र के जितने दिव्यांग भाई-बहन मुझसे मिलने पहुंचे उन्हें मैं तीन हजार रुपए देने का ऐलान करता हूं। आठ दिन में आपके खाते मैं पैसे आ जाएंगे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा नेता सीताराम यादव, मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति मौजूद थे। सांसद ने नगर पालिका अध्यक्ष से कहा कि दिव्यांगों की जो भी मांगें नगर पालिका से संबंधित हो उसे आप हल करवाए। वहीं सामाजिक न्याय विभाग के जिला सीहोर अधिकारी को भी सांसद ने कहा कि मेरे होते हुए दिव्यांगों को कोई परेशानी नहीं हो। नगर पालिका जो दुकान बनाए उसमें दिव्यांगों को भी प्राथमिकता दी जाए। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान सीहोर में कर्मचारी के रूप स्थानीय दिव्यागजनों को लिया जाए वा कैण्टीन संचालित करने की जो मांग है उस पर विचार कर जो भी मदद हो सकती है वो मदद करेंगे। प्रबंधक उमा चौरसिया ने कहा कि दिव्यांगों के लिए लघु उद्योग की व्यवस्था हो इस पर सांसद ने कहा कि इसके लिए भी मैं प्रयास करूंगा। प्रदेश प्रभारी कमलेश राठौर, जिला अध्यक्ष सुखवेंद्र सिंह दांगी, मंडल अध्यक्ष गुलाब सिंह मेवाड़ा, नरेश मेवाड़ा ने सांसद आलोक शर्मा , भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीताराम यादव का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में दिव्यांग जन शामिल थे।

### ये है दिव्यांगों की मांगे

1. यह है कि हम दिव्यांगजनों को वर्तमान में दी जा रही पेंशन 600/- रुपये से बढ़ाकर 5000/- रुपये किया जाए जिससे हम दिव्यांगजनों का जीवन ठीक से चल सकें। यह मांग लम्बे समय से चल रही है अतः आप उक्त मांग को माननीय मुख्यमंत्री महोदय के समक्ष रखका कार्यवाही करवाने की कृपा करें।
2. यह है कि जिले में कितने दिव्यांग है उनका वर्गवार सर्वे कराकर उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार उनको जॉब/रोजगार प्रदान किया जाए।
3. यह है कि वर्तमान में माननीय प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ की पात्रता में दिव्यांग जनों को प्राथमिकता से आवास दिया जाये चाहे वह दिव्यांग वैवाहिक है या अवैवाहिक है।
4. यह है कि दिव्यांगजनों के लिए निकाली जा रही विशेष भर्ती अभियान के तहत की जा रही भर्ती प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जाए ताकि भ्रष्टाचार से बचा जा सके।
5. यह है कि ग्राम पंचायत, नगर परिषद, नगर पालिका परिषद, नगर निगम द्वारा निर्मित दुकानों में दिव्यांगजनों 8 प्रतिशत आरक्षण कर दुकान का आंवटन किया जाएं।
6 यह है कि दिव्यांगजनों लिए जो भी संस्था संचालित है जैसे राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान सीहोर में कर्मचारी के रूप दिव्यागजनों को लिया जाए वा कैण्टीन संचालित करने का मौका दिव्यांगों को दिया जाये।
7. यह है कि हमारी संस्था दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद, सीहोर का कार्यालय संचालित करने के लिए हमें भवन उपलब्ध कराया जायें।
8. कौशल विकास परियोजना में प्राथमिकता दी जाए
9. दिव्यांग एक्ट 2016 को धरातल पर लागू किया जाए।
10. अन्य राज्यों की भांति दिव्यांगजनों से फोर व्हीलर गाडि?ं का रोड टैक्स नहीं लिया जाए।

# महिलाओं पर धारदार हथियार से प्राण घातक हमला, घायल

**पीड़ित जिला चिकित्सालय में भर्ती कार्रवाई की मांग**



**सीहोर।** सीहोर जिले की आष्टा तहसील के ग्राम भँवरा की अनुसूचित जाति की महिलाऐं ममता सूर्यवंशी, शकुंतला सूर्यवंशी, रेखा सूर्यवंशी, राजलबाई सूर्यवंशी ने बताया कि दिनांक 19 जुलाई 2025 की मध्य रात्रि के समय अ ना वे द क ग ण तेजसिंह पिता शेरसिंह, पप्पु पिता शेरसिंह, ओमप्रकाश पिता शेरसिंह, विरेन्द्र, रामप्रसाद, राजकुमार पिता रामप्रसाद सूर्यवंशी द्वारा धार दार हथियार से घर में बंद कर प्राण घातक हमला कर घायल कर दिया तथा घर के चारों ओर प्रेट्रोल छिडक्र कर आग लगा दी। जिससे घर में जीवन उपयोगी घरेलू सामान व बगदा जल गया। पुलिस को सुचित करने पर पुलिस की कोई मदद नही मिली। पीड़ित महिलाओं ने 100 डायल करने पर डालय 100 पहुंची पीड़ित महिलाओं के रिश्तेदार दौलतपुर के ममलेश बड़ोदिया द्वारा प्रायवेट वाहन से भँवरा गाँव पहुंचे और आष्टा थाने आने पर आष्टा में मौजूद पुलिस कर्मियों द्वारा पूर्णतः मदद नही की गई है और आफआईआर की कापी भी नही दी गई है। मौके पर पहुंची 100 डायल ने पीड़ितों के सामने आष्टा पुलिस को सुचित करते हुए कहा कि महिलाऐं झूठ बोल रही है, इन्होने अपने हाथ से शरीर में चौटे पहुंचाई है तथा स्वयं द्वारा ही घर में आग लगाई गई है। इस प्रकार आष्टा थाने ने हमारी एफआईआर नही काटी। 24 घण्टे बीत जाने के बाद आष्टा पुलिस द्वारा गाँव में अपरोधियों को गिरफ्तार नही किया गया है। ग्राम में सुरक्षा के इंतजाम नही है। अनावेदकगण सुने घर में कोई भी बड़ी दुर्घटकना कारित कर सकते हैं। पीड़ित घायल ममता सूर्यवंशी ने बताया कि हम दो लोग ममता सूर्यवंशी व शकुंतला सूर्यवंशी जिला चिकित्सालय सीहोर में भर्ती हैं व रेखा सूर्यवंशी तथा राजल बाई आष्टा चिक्तिसालय में भर्ती है, चारों पीड़ितों द्वारा प्रकरण में तत्काल न्याय की गुहार लगाई गई है।

# स्वच्छता में हुए फेल, कचरे का नहीं कर पाए सेग्रीगेशन



**भैरूंदा।** स्वच्छता सर्वेक्षण में इस वर्ष भी भैरूंदा उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। देश का स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की सूची में 20 से 50 हजार आबादी वाले शहरों में भैरूंदा देश में 38वें और प्रदेश में 72वें स्थान पर रहा। रैंकिंग में पिछडऩे का मुख्य कारण शहर से निकलने वाले कचरे का उचित निपटान नहीं हो पाया गया है। ट्रेंचिंग ग्राउंड पर बहुत बड़े कचरे का ना तो पिछडऩे हो पा रहा है और ना ही कचरे से खाद बनाई जा रही है।

साथ ही सामुदायिक शौचालयों के रख-रखाव में भी शहर पिछड़ता दिख रहा है। इन तीन मुख्य कारणों की वजह से नगर परिषद भैरूंदा का 12 हजार 500 अंक में से 9 हजार 701 अंक ही मिल पाए है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर की रैंकिंग कम रही है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की गुरुवार को जारी हुई सूची ने देश और प्रदेश में बेहतर रैंकिंग नहीं मिलने पर सभी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। सफाई पर 3 करोड़ से अधिक खर्च किए नगर परिषद नगर की सफाई व्यवस्था पर हर वर्ष भारी भरकम राशि खर्च करती है। जिसमें डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए घूमने वाली दो ट्रैक्टर-ट्रॉली व 15 से अधिक कचरा वाहन है। इस पर हर साल 60 लाख का ईंधन खर्च हो रहा है। वहीं अन्य संसाधनों में फिनाइल, एसिड, झाडू, डीडीटी सहित अन्य पर प्रतिवर्ष 25 लाख व सफाई व्यवस्था में लगे 14 स्थायी, 21 विनियमित व 147 दैनिक भोगियों पर प्रतिवर्ष 2 करोड़ 35 लाख से अधिक की राशि खर्च की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग के लिए 1 मुख्य सफाई दरोगा व 4 सहायक दरोगा भी नियुक्त किए गए हैं। इसके बावजूद भी सर्वेक्षण में अपेक्षाकृत परिणाम नहीं आ पाए हैं। सीवरेज का काम पूरा नहीं होने से नहीं मिला वाटर प्लस का प्रमाण पत्र नगर परिषद बीते तीन सालों से स्वच्छता सर्वेक्षण में ओडीएफ प्लस-प्लस तो हैं, लेकिन सीवरेज का काम पूरा नहीं होने से उसे वॉटर प्लस सिटी घोषित किया गया है। नगर परिषद के द्वारा इस वर्ष पहली बार वॉटर प्लस के लिए अप्लाई किया था। सीएमओ नगर परिषद भैरूंदा रामगोपाल भावरे ने बताया कि नगरवासियों के साथ कमियों को दूर कर कड़ी मेहनत करेंगे स्वच्छता सर्वेक्षण में कमियों को दूर कर बेहतर रैंकिंग पाने के लिए कड़ी मेहनत की जाएगी। शहरवासियों को साथ लेकर अभी से ही स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए प्रयास किए जाएंगे।

# एक बगिया मां के नाम अभियान, अब महिलाएं भी बनेंगी खेतों की मालिक




**भैरूंदा।** मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी एक बगिया मां के नाम परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए शुक्रवार को जनपद पंचायत सभागार में कृषि सखियों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण जल गंगा संवर्धन अभियान के अगले चरण का हिस्सा है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के खेतों को हरियाली से सजाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, जिसके तहत अब महिलाएं स्वयं के खेतों की मालिक बन सकेंगी।

इस परियोजना का उद्देश्य 15 अगस्त से 15 सितंबर तक बड़े पैमाने पर पौधरोपण करना है, जिससे स्व-सहायता समूहों की महिला सदस्यों के खेत हरे-भरे होंगे। जनपद पंचायत के सीईओ संजय अग्रवाल और एपीओ शैलेंद्र वर्मा ने कृषि सखियों को परियोजना के विस्तृत प्रावधानों से अवगत कराया। उन्होंने विशेष रूप से लाभार्थियों के चयन में बरती जाने वाली सावधानियों पर जोर दिया, ताकि केवल पात्र और जरूरतमंद महिलाओं को ही इस योजना का लाभ मिल सके। एक बगिया मां के नाम परियोजना में यह खास जनपद सीईओ अग्रवाल ने बताया कि उक्त योजना के तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की पात्र महिला सदस्यों के परिवारों की भूमि पर पौधरोपण किया जाएगा। मनरेगा योजना के तहत, प्रत्येक पात्र परिवार को न्यूनतम 0.5 एकड़ से अधिकतम एक एकड़ भूमि पर फलदार पौधों का रोपण करना होगा। इसके लिए यह आवश्यक है कि हितग्राही के पास निजी सिंचाई का साधन हो।

100 एकड़ में पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित जनपद सीईओ ने बताया कि यह परियोजना 3 साल की होगी, जिसमें पौधों की खरीद, रोपण, 3 साल तक उनके रखरखाव और सुरक्षा के लिए फेंसिंग करने धनराशि का भुगतान मनरेगा योजना के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खातों में किया जाएगा। सरकार द्वारा हर विकासखंड में न्यूनतम 100 एकड़ में पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। चयन राज्य शासन द्वारा किया जाएगा।

# नई कार्यकारिणी की घोषणा से पहले भाजपा कोर-कमेटी के सदस्यों की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भाजपा का मूलमंत्र भले ही सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास हो, लेकिन सीहोर में भारतीय जनता पार्टी के अंदर बगावत भी दिखाई दे रही है। नेताओं में आपसी फूट भी सामने आ रही है। यही कारण है कि सीहोर में होने वाली भाजपा कोर-कमेटी की बैठकों में पदाधिकारियों की ही अनदेखी की जा रही है। उन्हें बैठकों का आमंत्रण ही नहीं मिल रहा है। इधर नेताओं की आपसी खींचतान के चलते सीहोर नगर मंडल की कार्यकारिणी भी अब तक अटकी हुई है। जिले के 24 मंडलों में से 23 मंडलों की कार्यकारिणी घोषित हुए दो माह से अधिक समय हो गया है, लेकिन सीहोर नगर मंडल की कार्यकारिणी अटकी हुई है। नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति द्वारा सूची जिलाध्यक्ष को सौंपी जा चुकी है, लेकिन कार्यकारिणी की घोषणा अब तक नहीं होना पार्टी के अंदर नेताओं की खींचतान को भी दर्शाता है।

### दबी जुवां में बाहर आ रही नेताओं की टीस

पदाधिकारियों, नेताओं की अनदेखी की टीस भी अब दबी जुवां में बाहर आने लगी है। दरअसल भारतीय जनता पार्टी द्वारा सीहोर जिले में जिलाध्यक्ष की घोषणा तो कर दी गई, लेकिन अभी नई कार्यकारिणी का गठन नहीं हुआ है। ऐसे में पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय की कार्यकारिणी में शामिल पदाधिकारी ही वर्तमान दायित्व भी निभा रहे हैं, लेकिन इन पदाधिकारियों की लगातार अनदेखी की जा रही है और उन्हें पूर्व मान लिया गया है। यही कारण है कि दो-तीन महीने में आयोजित हुई कोर कमेटी की बैठकों का बुलावा इन सदस्यों को नहीं मिला है। पार्टी सूत्रों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी की गाइड लाइन अनुसार जिलाध्यक्ष बदलाव के बाद जब तक नई कार्यकारिणी का गठन नहीं होता, तब तक पुराने जिलाध्यक्ष की कार्यकारिणी ही मान्य रहती है। वर्तमान में भी यही धारणा है। तत्कालीन जिलाध्यक्ष रवि मालवीय के समय गठित कार्यकारिणी के पदाधिकारी आज भी अपने नाम के साथ पुराने पदों को लगा रहे हैं, साथ ही मंच भी साझा कर रहे हैं। हालांकि अब इनके मान-सम्मान में कमी आ गई है। यही वजह है कि बीते दो बार से आयोजित हो रही कोर कमेटी की बैठक में कुछ सदस्यों को बुलावा ही नहीं भेजा गया।

### कोर कमेटी में शामिल रहे ये सदस्य

पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय के कार्यकाल में कोर कमेटी में जो सदस्य शामिल रहे उनमें जिला प्रभारी मंत्री, जिला प्रभारी बहादुर सिंह मुकाती, तीनों सांसद, चारों विधायक करण सिंह वर्मा, सुदेश राय, रमाकांत भार्गव, गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व जिलाध्यक्ष सीताराम यादव, तीनों महामंत्रीद्वय राजकुमार गुप्ता, धारासिंह पटेल, रवि नागले, पूर्व वन विकास निगम अध्यक्ष गुरुप्रसाद शर्मा और रघुनाथ सिंह भाटी शामिल रहे।

### कोर कमेटी का यह काम

बीजेपी पदाधिकारियों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी जिला कोर कमेटी द्वारा बैठक आयोजित की जाती है। इस बैठक की सूचना सभी सदस्यों को दी जाती है। बैठक में जिले में होने वाले तबादले, योजनाओं के क्रियान्वयन सहित जिले से संबंधित अन्य विषयों को लेकर चर्चा की जाती है। कोर कमेटी में सर्वसहमति से लिए जाने वाले निर्णयों को आगे बढ़ाया जाता है।

### ये बोले महामंत्री

जब तक नई कार्यकारिणी का गठन नहीं होता, तब तक महामंत्री मैं हूं। रही बात कोर कमेटी बैठक की तो प्रदेश नेतृत्व की मंशा के अनुसार पार्टी ने नहीं बुलाया होगा, पार्टी का निर्णय सर्वोपरि है।

- राजकुमार गुप्ता, जिला भाजपा महामंत्री, सीहोर

जब तक नई कार्यकारिणी का गठन नहीं हो जाता, तब तक मैं महामंत्री हूं। आयोजित होने वाली बैठकों में गाइड लाइन के अनुसार ही पदाधिकारियों को बुलाया जाता है। पार्टी का निर्णय ही हमें सर्वमान्य है।

- धारासिंह पटेल, जिला महामंत्री भाजपा, सीहोर

बैठक की सूचना मुझे नहीं मिली। हालांकि पार्टी नेतृत्व से ही तय होता है किस-किस सदस्य को बैठक में बुलाना है। पार्टी का निर्णय ही हमारे लिए सर्वोपरि है।

- रवि नागले, भाजपा जिला महामंत्री, सीहोर

### बैठक नहीं, आम चर्चा थी

बीते दिनों जो भोपाल में बैठक हुई थी, उसमें मैं अपने स्वास्थ्य कारणों की वजह से शामिल नहीं हुआ। जिला मुख्यालय की बैठक, कोर कमेटी की बैठक नहीं थी, आम चर्चा थी। नई कार्यकारिणी का गठन होना है, इसलिए आम चर्चा के दौरान जिलाध्यक्ष-विधायकों से विचार-विमर्श होता है। पार्टी की कोर कमेटी की बैठक व्यवस्थित होती है, बकायदा रजिस्टर मेंटेन किया जाता है।

- बहादुर सिंह मुकाती, भाजपा जिला प्रभारी, सीहोर

### दोनों बैठकों में नहीं बुलाया

बीते दो-तीन महीने में जिला कोर कमेटी की दो बैठक आयोजित की गई। पहली बैठक राजधानी भोपाल में आयोजित हुई। इस बैठक में जिले के कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इसी तरह दूसरी बैठक जिला मुख्यालय पर तीन-चार दिन पहले ही आयोजित हुई। दोनों ही बैठकों की सूचना कोर कमेटी के कुछ सदस्यों तक नहीं पहुंची, जिसकी वजह से वह बैठक में शामिल नहीं हो सके।

### इधर अटकी हुई है सीहोर नगर मंडल की कार्यकारिणी

जिले में भारतीय जनता पार्टी ने अपने 24 में से 23 मंडलों की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है, लेकिन सीहोर नगर मंडल की कार्यकारिणी स्थानीय नेताओं के बीच में फंस गई है। दरअसल नगर मंडल की कार्यकारिणी मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा को सौंप दी गई है, लेकिन अब तक कार्यकारिणी की घोषणा नहीं हो सकी है। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि सीहोर की स्थानीय राजनीति के कारण कार्यकारिणी की घोषणा अब तक नहीं हो पा रही है। नेताओं में अपने समर्थकों को एडजस्ट कराने की होड़ लगी हुई है। ऐसे में कार्यकारिणी की घोषणा नहीं हो पा रही है। बताया जा रहा है कि सीहोर नगर मंडल कार्यकारिणी में 6 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 6 मंत्री, मीडिया प्रभारी, कार्यालय मंत्री सहित कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं।

### दोराहा बाजार मुख्य सड़क पर स्थित हनुमान प्रतिमा की होगी स्थापना

# मंदिर समिति को विधायक ने दी थी समझाइश नाली निर्माण के लिए विस्थापित होगी प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हनुमान मंदिर समिति विधायक सुदेश राय की समझाइश पर नाली निर्माण में सहयोग करने के लिए तैयार हो गई है। दोराहा बाजार मुख्य सड़क पर स्थित मंदिर में विराजित हनुमान प्रतिमा को अब विधिविधान से विस्थापन किए जाने की रूपरेखा बनाई जा रही है।

ग्राम पंचायत के द्वारा विधायक सुदेश राय की अनुशंसा के बाद पानी निकासी के लिए मुख्य बाजार की सड़क के किनारे नाली निर्माण किया जाना प्रस्तावित किया गया था लेकिन नाली निर्माण में हनुमान मंदिर भवन बाधा उत्पन्न कर रहा था मंदिर समिति के सदस्य नाली निर्माण के लिए मंदिर और प्रतिमा विस्थापित करने को तैयार नहीं थे, अनेक लोग मंदिर समिति सदस्यों को मना चुके थे लेकिन वह विराजित हनुमान प्रतिमा के विस्थापन के लिए किसी भी तरह से तैयार नही थे और इस कार्य को धर्म शास्त्रों के विरूद बता रहे थे।

शुक्रवार को विधायक सुदेश राय कार्य प्रगति का निरीक्षण करने के लिए दोराह पहुंचे थे इस दौरान उन्होने मंदिर समिति सदस्यों और ग्राम के वरिष्ठजनों से अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए देव प्रतिमा विस्थापन का उधारण देते हुए समझाईश दी और नाली निर्माण के बाद विधिविधान से हनुमान प्रतिमा को मूल स्थान से कुछ पीछे स्थापित करने के लिए कहा जिस के बाद सभी मान गए और समस्या का समाधान हो गया।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों से नाली निर्माण का विरोध किया जा रहा था जिस कारण मुख्य बाजार में निर्माण कार्य थम गया था । विधायक सुदेश राय के हस्तक्षेप के बाद दोराहा नगर में अब विकास कार्यो को गति मिलेगी और निर्माण कार्य का लाभ जनता को मिलेगा।

# नेशनल बी कीपिंग हनी मिशन के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**सीहोर।** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा नेशनल बी कीपिंग हनी मिशन के तहत सीहोर स्थित आरएके कॉलेज में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 19 जुलाई को इस दो दिवसीय कार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में किसानों को मधुमक्खी पालन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मधुमक्खी पालन कर रहे अनेक किसानों ने अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में किसानों को मधुमक्खी पालन, उनका जीवन चक्र, आर्थिक महत्व सहित अन्य बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही पैकेजिंग, विपणन, मधुमक्खी के छत्ते एवं कॉलोनियों के रख रखाव के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में शासकीय योजना अंतर्गत अनुदान के संबंध में भी जानकारी दी गई।

## बारिश पूर्व गड्ढों की मरम्मत की तरफ ध्यान न देने से बनी स्थिति

# विभिन्न वार्डों के गड्ढों में पानी भराने से तालाबनुमा नजर आ रही सड़कें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शहर के 15 में से शायद ही कोई ऐसा वार्ड बचा हो जहां के बाशिंदे बदहाल सड़कों की वजह से परेशान न हों। नगर के अधिकांश आंतरिक मार्गों की हालत बद से बदतर हो जाने के बावजूद नगर पालिका ने बारिश पूर्व उनकी मरम्मत की जेहमत नहीं उठाई। ऐसे में बारिश का पानी इन गड्ढों में भराने से ये गड्ढे तालाबानुमा नजर आने लगे हैं। शहर की अधिकांश सीसी और डामरीकृत सड़कों के ऐसे ही हाल हैं। सड़कों के गड्ढों में भरा पानी के चलते पैदल राहगीर सहित दोपहिया वाहन चालक जैसे-तैसे अपने आपको बचते-बचाते निकलते देखे जा रहे हैं। स्थानीय फलौदी कॉलोनी एवं विवेकानंद स्कूल पहुंच मार्ग के गड्ढे तो इतने अधिक बड़े हैं कि पैदल राहगीर के निकलते समय अगर कोई कार या अन्य बड़ा वाहन निकल जाए तो राहगीर के कपड़े गंदे और मटमैल पानी से सन जाया करते हैं।

### कान्वेंट स्कूल के सामने भी यही स्थिति

स्थानीय राजेश्वर कान्वेंट स्कूल के सामने की डामरीकृत सड़क हुए अनेकों गड्ढे भी रहवासियों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। इसी सड़क पर आगे जाकर पुराने बस स्टैंड के यहां के गड्ढों से भी आम नागरिक एवं वाहन चालक परेशान हैं। इन गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी हुई है।

### घुमावदार सड़क पर हुए गड्ढों से परेशानी

किला क्षेत्र में इतवारिया गेट के ढलान पर हो रहे गड्ढों के कारण भी बाईक चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ढलान और घुमाव वाली सड़क पर गड्ढे होने से वाहन चालक खासकर बाईक सवार संतुलन खो बैठते हैं और असंतुलित होकर हादसे का शिकार हो रहे हैं। इसी तरह की स्थिति राजेश्वर कान्वेंट स्कूल के थोड़ा आगे चर्च के ठीक सामने वाली सड़क पर भी बनी हुई है।

### आधा मुख्य मार्ग ठीक तो आधा बदहाल

करीब डेढ़ वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री अधोसरंचना विकास के तहत मेन मार्केट की मुख्य सड़क पर चौड़ीकरण एवं डामरीकरण करवाया गया था। लेकिन यह कार्य महज नाका नंबर-3 से लेकर रानी लक्ष्मी चैराहे तक ही सीमित होकर रह गया। रानी लक्ष्मी चौराहे से किला क्षेत्र के दोनों तरफ की सड़कों (सब्जी बाजार एवं पारायण चौक) को बगैर डामरीकरण के ही छोड़ दिया गया था क्योंकि इनका निर्माण प्रस्ताव में शामिल ही नहीं था। ऐसे में वर्तमान हालात यह है कि आधे राजगढ़ की मेन मार्केट की आधी सड़क तो चकपक नजर आती है लेकिन आधे मार्केट की सड़क दर्जनों गड्ढों से पटी हुई है।

# जन स्वास्थ्य रक्षक संगठन ने मंत्री टेटवाल को सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** शक्तिपीठ भैंसवा माता परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश जन स्वास्थ्य रक्षक संगठन, इकाई सारंगपुर द्वारा राज्य मंत्री गौतम टेटवाल को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में जन स्वास्थ्य रक्षकों ने वर्षों से लंबित मांगों को लेकर अपनी बात रखी।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि शिक्षा कर्मी एवं पंचायत कर्मियों की तरह जन स्वास्थ्य रक्षक योजना भी शासन द्वारा शुरू की गई थी, किंतु शिक्षा एवं पंचायत कर्मियों को उनके मूल विभाग में समायोजित कर दिया गया है, जबकि जन स्वास्थ्य रक्षकों को आज तक लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में सम्मिलित नहीं किया गया है। संगठन ने मांग की कि जन स्वास्थ्य रक्षकों को आरोग्य केंद्रों में स्वास्थ्य मित्र के रूप में नियुक्त किया जाए, ताकि वे अपनी प्रशिक्षणानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं दे सकें। संगठन का कहना है कि कोरोना महामारी के दौरान जन स्वास्थ्य रक्षकों ने बिना पारिश्रमिक के स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर उल्लेखनीय कार्य किया है, और अब उन्हें भी सम्मानपूर्वक रोजगार दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर संगठन के प्रमुख प्रतिनिधि नारायण सिंह नागर (ब्लॉक अध्यक्ष), बालू सिंह वर्मा, नंदलाल नागर, महेंद्र सिंह राजपूत, गोपाल प्रसाद नागर, विष्णु प्रसाद मालवीय, लाल सिंह मालवीय, ओम प्रकाश शर्मा, दिनेश कुमार राठौर, मनीष शर्मा सहित कई जन स्वास्थ्य रक्षक उपस्थित रहे।

## जल यंत्रालय में रिपेयरिंग करते समय बम की तरह फूटा ट्रांसफार्मर

# तीन कर्मचारी गंभीर रूप से घायल, भोपाल रेफर किया

**खिलचीपुर।** खिलचीपुर के पंडाजी के बाग के पास स्थित जल यंत्रालय में शुक्रवार को दोपहर बाद जल यंत्रालय में स्थित ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर रही एमएससी की टीम के तीन कर्मचारी ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग के समय अचानक ट्रांसफार्मर के ब्लास्ट होने से आग लग गई। आग की लपटे इतनी तेज थी कि तीन कर्मचारी जितेंद्र पटेल उम्र 37 वर्ष, नरेंद्र पटेल उम्र 40 वर्ष, संजय गुप्ता उम्र 39 वर्ष, बुरी तरह आग से झुलस गए, जिन्हें प्रारंभिक उपचार के लिए खिलचीपुर अस्पताल भर्ती किया गया। खिलचीपुर अस्पताल से डॉक्टर ने सीरियस हालात बात कर भोपाल रेफर किया गया।

## मुकेश नामदेव और अलका चौधरी बनी उपाध्यक्ष

# नागरिक बैंक के चुनाव संपन्न आनंद त्रिपाठी पुनः बने अध्यक्ष



**राजगढ़।** नागरिक सहकारी बैंक राजगढ़ के संचालक मंडल के चुनाव शनिवार दोपहर तय निवार्चन प्रक्रिया के तहत निर्विरोध रूप से संपन्न हुए। सहकारी बैंक के निवार्चन अधिकारी बीएल यादव की उपस्थिति में बैंक के वर्तमान अध्यक्ष आनंद त्रिपाठी को निर्विरोध रूप से पुनः अध्यक्ष चुन लिया गया वहीं मुकेश यादव एवं अलका चौधरी उपाध्यक्ष बनाए गए हैं।

निवार्चन अधिकारी ने संचालक मंडल पदाधिकारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के प्रतिनिधि रामबाबू गुप्ता एवं जिला प्रतिनिधि राजेश शर्मा ने संचालक मंडल में शामिल हुए राकेश पाण्डे, महेश वर्मा, उत्तम शर्मा, ओमकार बख्स, सूरज वर्मा, रमेश मालवीय, अरुण सेठानी के नामों की घोषणा की। बैंक महाप्रबंधक बृजेश व्यास, मेनेजर राशिद खान ने सभी नवनियुक्त संचालक मंडल के पदाधिकारियों को हार-माला पहनाकर स्वागत, अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं दीं।

# नगर में बढ़ रही लगातार चोरी की घटनाएं, लोगों में भय का माहौल



**माचलपुर।** नगर में चोरियां रुकने का नाम नहीं ले रही है। अभी पांच दिन पहले दोपहर को तीन सवा तीन बजे बजरंग रोड स्थित किराना व्यवसाई दिनेश माधावत दो मिनट के लिए दुकान से क्या हटे की इतने में चोर ने उनकी दराज में से करीब बीस हजार चुरा लिए। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी जिसकी सहायता से पुलिस चोरों की तलाश में लगी है। दूसरी चोरी नगर के होटल व्यवसाई मुकेश केवट की दुकान से हुई जिसमे चोर ने नमकीन लेने के बहाने गल्ला पेटी से रुपए निकाल लिए चोरी की घटना छोटी थी तो व्यवसाई ने शिकायत दर्ज नहीं करवाई,तीसरी चोरी नगर के अग्रवाल मोहल्ला स्थित मेडतवाल समाज लक्ष्मीकांत मंदिर से 16,17 जुलाई कि रात्री में हुई जिसमे भगवान विष्णु और लक्ष्मी की मूर्ति के दो जोड़ी चांदी के पायल कीमत करीब 20 हजार की चोरी हुई। जिसका शिकायती आवेदन मंदिर पुजारी राजेश बैरागी और मेडतवाल समाज अध्यक्ष अनिल मोदी ने दिया है। इस तरह से नगर में लगातार चोरी की घटनाएं होने से नगर वासियों में भय का माहौल है।

## बीईओ व स्कूल संचालक रहे मौजूद

# छात्र परिषद का अलंकरण समारोह संपन्न




**जीरापुर।** निजी स्कूल में छात्र परिषद का अलंकरण समारोह का आयोजन विकासखंड शिक्षाधिकारी रामबाबू पाटीदार एवं सुरेश दांगीकी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय छात्र परिषद के विभिन्न पदों पर बच्चों का साक्षात्कार के आधार पर मनोनयन किया गया। इसके अंतर्गत हेड बॉय कन्हैयालाल दांगी, हेड गर्ल श्रद्धा बरेठा, डिप्टी हेड बॉय हरिओम दांगी, डिप्टी हेड गर्ल शुभी जैन, खेल कप्तान ज्ञानेंद्र मारू, खेल सहकप्तान माही जायसवाल, अनुशासन सचिव खुशबू जैन व अंजलि दांगी, सांस्कृतिक सचिव नूपुर गुप्ता व मानवी गुप्ता को मनोनीत किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सभी बच्चों को चार अलग-अलग दलों में विभाजित किया जाता है, जिसके अनुसार सभी विद्यार्थियों के बीच विद्यालय में वर्षभर विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न होती हैं। इन दलों के कप्तान व सहकप्तान का भी मनोनयन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संचालक द्वारा की गई। प्रधानाचार्य ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय परिवार सदैव प्रयत्न करता है कि विद्यालय के सभी विद्यार्थी शैक्षणिक गतिविधियों के साथ चहुँमुखी विकास करें। कार्यक्रम संचालन शिक्षिका बरखा गुप्ता रूपाली धाकरे ने किया। शैक्षणिक समन्वयक भानु कुमार जैन ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को शारीरिक शिक्षक रूपेश ग्वाल व सन्नी मौर्य ने प्रशिक्षण दिया। स्वस्थ्य जीवन जीने के गुर बताए।

# एक पेड़ मां के नामः प्रभारी मंत्री कश्यप व मंत्री टेटवाल ने बालिका छात्रावास में किया पौधरोपण

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम को सार्थक रूप देने के उद्देश्य से शुक्रवार को बालिका छात्रावास सारंगपुर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं राजगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप तथा राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के गरिमामय सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री कश्यप द्वारा नारियल के पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उन्होंने छात्रावास की छात्राओं से आत्मीय संवाद कर उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए इसके महत्व को सरल शब्दों में समझाया। कार्यक्रम में प्रशासनिक व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी गरिमामय उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा,एसडीएम रोहित बम्होरे,एसडीओपी अरविंद सिंह तहसीलदार आकाश शर्मा, नपा सीएमओ ज्योति सुनेरे,बीओ सुरेश वीरमाल, प्राचार्य दिनेश गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया डिजिटल स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी का शुभारंभ व निरीक्षण

# हमारे आत्मबल से ही नशे से मुक्ति मिल सकती है : विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



नगर में शनिवार को सुबह 11 बजे नेशनल हाईवे के सर्विस मार्ग पर पूर्व पार्षद रवि चौहान द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ व निरीक्षण विधायक मोहन शर्मा ने किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा चलाया जा रहा है नशा मुक्ति जन जागृति अभियान को को आगे बढ़ते हुए कहा कि नशे से मुक्ति प्रशासन नहीं दिला सकता बल्कि नशे से मुक्ति हमारे स्वयं के आत्म बल से मिल सकती है हम सबको यह प्रयास करना चाहिए कि सर्वप्रथम हम और हमारा परिवार उसके बाद समाज एवं हमारे मिलने जुलने वाले लोग किस प्रकार नशे की बुरी आदत से दूर रहे वह प्रयास हमें निरंतर करते रहना चाहिए कार्यक्रम को थाना प्रभारी संगीता शर्मा ने संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें नशा माता-पिता की सेवा का समाज की सेवा का गौ सेवा का करना चाहिए और उसे नशे से दूर रहना चाहिए जो हमारे परिवार को नष्ट करता है कार्यक्रम का संचालन रविंद्र चौहान ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश मंडलोई, मनोहर मंडलोई, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि तारु राजपूत, ब्रजकिशोर मीणा, मोती सिंह बिलहरी, डॉ नवीन अग्रवाल, माधव सिंह चौहान, महेश भावसार, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, प्रतिनिधि दिलीप बना, लखन चौहान, मोहन वर्मा, राजकुमार चौकसे, राकेश चौहान, मंडल महामंत्री रामेश्वर नायक, लखन राजपूत, गुड्डू जाटव, भूपेंद्र सिंह भदोरिया, ओम शर्मा, बलराम सिंह, राजपूत , रामेश्वर नगीना, आत्माराम पटेल, भगवान सिंह चंद्रवंशी, भगवान सिंह पटेल, रघुवीर सिंह राणावत आदि उपस्थित थे।

## संस्कार एकेडमी के बच्चों ने खूब उठाया बारिश का लुत्फ

# प्री प्राइमरी बच्चों के लिए रेनी-डे आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचोर

नगर के प्रतिष्ठित आवासीय सीबीएसई विद्यालय संस्कार एकेडमी में प्री-प्राइमरी वर्ग के नन्हे-मुन्ने छात्रों के लिए शनिवार 19 जुलाई को रेनी डे (वर्षा दिवस) कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंग-बिरंगे रेनकोट, छतरियों और वर्षा से जुड़े आकर्षक परिधान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम विद्यालय प्रबंधक दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, रमा ए के शर्मा, डॉक्टर विकास शर्मा प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद एवं कवंलप्रीत की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ । कार्यक्रम की शुरुआत रंगीन सजावट और वर्षा ऋतु से संबंधित गतिविधियों के साथ हुई । कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने वर्षा से संबंधित गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया और कविता पाठ व पानी में कागज की नाव तैराने जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को वर्षा ऋतु के महत्व को रोचक कहानियों और खेलों के माध्यम से सरल भाषा में समझाया। प्री प्राइमरी आधार ब्लॉक की एच ओ डी रियांशी गोयल ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और ऋतुओं की जानकारी को रोचक तरीके से प्रस्तुत करना है। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण ग्रामीण परिवेश रहा जिसमें बच्चों एवं शिक्षकों ने ठेले पर मक्का के गरम-गरम भुट्टे व पॉपकॉर्न का आनंद लिया और अंत में बच्चों को टॉफी भी वितरित की गई। इस आयोजन को सफल बनाने में प्री प्राइमरी ब्लॉक की शिक्षिका प्रियंका सक्सेना, सपना चौहान, अनुभा श्रीवास्तव, प्रियंका उपाध्याय, ऋचा श्रीवास्तव, प्रियंका पटेल रीना वर्मा, शिवांशी गुप्ता आदि का योगदान रहा।

# मंडी में चोरी करते पकड़ा गया युवकः शटर उठाकर घुसा

## चाकू दिखाकर डराया, 50 कट्टी गेहूं ले जाने की कोशिश

**विदिशा।** कृषि मंडी क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक युवक को चोरी करते रंगे हाथों पकड़ लिया गया। आरोपी दुकान का शटर उठाकर अंदर घुसा था और करीब 50 कट्टी गेहूं चुराने की कोशिश कर रहा था। घरवालों ने उसे देख लिया और मौके पर ही पकड़ लिया। परिजनों के अनुसार युवक के पास चाकू भी था वह डराने की कोशिश कर रहा था कि नहीं छोड़ा तो हमला कर देगा। उसके पास एक बिना नंबर की हीरो होंडा बाइक भी मिली। युवक ने कहा कि चोरी वह नहीं कोई और कर रहा था और वह तो उसे पकड़ने आया था। हालांकि किसी ने उसकी बात नहीं मानी और उसे पुलिस को सौंप दिया गया। पूछताछ में उसने खुद को करैयाखेड़ा रोड निवासी बताया। दुकानदारों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी पास की दुकान से ऑयल की दो बड़ी कैन चोरी हुई थीं, जिसकी शिकायत दर्ज कराई गई थी। अभी तक चोर नहीं पकड़ा गया।

## पुलिस और अहिंसा टीम के संयुक्त प्रयासों से नजर आ रहा बदलाव

# पहल : गांव की चौपाल से उठा परिवर्तन का स्वर, नशा मुक्त गांव का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




पुलिस प्रशासन एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की पीस वॉलेंटियर रामदिली भिलाला ने अपने गांव जूनापानी को नशा मुक्त गांव बनाने की पहल की है। रामदिली ने नशे को केवल सामाजिक समस्या नहीं, बल्कि न्याय, समानता और सामाजिक समरसता के मार्ग में बाधा मानते हुए युवाओं और किशोरों को साथ लेकर अभियान की शुरुआत की।

इसके तहत ग्रामीण युवाओं एवं किशोरों किशोरों के साथ संवाद सत्र आयोजित किए गए, जहां बच्चों और युवाओं ने खुलकर गांव में बढ़ते नशे के प्रभाव पर चर्चा की। संवादों में सामने आया कि तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, शराब और गांजे का सेवन लगभग सभी किशोर करने लगे हैं जिससे उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य खतरे में है। रामदिली ने इस समस्या के समाधान हेतु अपने युवा मंच के सहयोग एवं पुलिस की सहभागिता से कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें स्थानीय स्कूलों के शिक्षक, छात्र, अभिभावक, समुदाय के सदस्य और युवा शामिल हुए। कार्यशाला में किशोरियों ने बताया कि गांव में खुलेआम नशे का सेवन हो रहा है, जिससे महिलाएं और बच्चे असुरक्षित महसूस करते हैं।

### बच्चे भी खाने लगे हैं गुटखा, पाऊच

युवाओं ने यह भी साझा किया कि कई छोटी उम्र के बच्चे भी नशे के आदी हो रहे हैं, जिसे रोकना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर असिस्टेंट सब-इन्सपेक्टर सुनीता भावर ने कहा कि यदि किसी को नशे के लिए उकसाया जा रहा हो, या कोई व्यक्ति गांव का माहौल खराब कर रहा हो, तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और गरिमा बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर है। कार्यशाला में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राज्य शिक्षक संघ ने की श्रद्धांजलि अर्पित



**जावर।** संकुल केन्द्र जावर मेहतवाड़ा के अध्यापकों ने विगत दिनों हमारे वरिष्ठ अध्यापक साथी प्रभुलाल मालवीय के पिता जी कालूराम मालवीय का स्वर्गवास हो जाने पर उनके गृह गांव ग्वालि पहुंच कर संकुल प्राचार्य अनार सिंह ठाकुर, गोपाल सिंह ठाकुर सहित सैकड़ों अध्यापकों ने स्वर्गीय आत्मा के श्री चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित कि।

### दुग्ध सहकारी समिति ने किया पौधरोपण



**जावर।** संचालित दुग्ध सहकारी समिति मर्यादित आरनिया राम मैं वृक्षारोपण किया गया जिसमें 32 पौधे आरोपित किया गया एवं विस्तार बैठक ली गई जिसमें स्वच्छ दूध उत्पादन पशु आहार घी के बारे में जानकारी दी गई कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी कृपाल सिंह दुगरिया, समिति पूर्व अध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर ,समिति अध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, पर्यवेक्षक धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, लोकेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह ठाकुर ,समिति सचिव आजाप सिंह ठाकुर एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### जावर पुलिस ने चलाया नशा मुक्त अभियान



**जावर।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के छठवें दिन ग्राम मेहतवाड़ा के लोगों को थाना प्रभारी नीता देअरवाल व्दारा एकत्रित करके मानव श्रृंखला बनाई गई । सभी को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया साथ ही सभी लोगों को संकल्प दिलाया गया कि नशा नहीं करना चाहिए । जिसमें एक नागरिक नाम ऋषि पटेल द्वारा बताया गया कि पिताजी की नशे की लत के कारण पूरा परिवार परेशान था इसलिए उन्होंने कभी नशा नहीं किया और एक नागरिक जितेंद्र ठाकुर ने बताया कि गलत संगत में 20 साल से नशा कर रहे थे पर आज से संकल्प लिया कि आज के बाद किसी भी तरह का नशा नहीं करेंगे।

## 8 वर्षीय मासूम बालक को बेरहमी से पीटने का मामला पहुंचा थाने

# मामूली बात पर बच्चे को कमरे में बंद कर पूरे परिवार ने की थी मारपीट

घटना से आक्रोषित राजपूत मेवाड़ा समाज ने मासूम से मारपीट करने वालों पर कार्रवाई की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



दो माह पूर्व 8 वर्षीय मासूम बच्चे को मकान मालिक के पूरे परिवार द्वारा बेहरमी पूर्वक पिटाई करने का मामला सामने आया था वही उक्त मामले में मासूम बच्चे के साथ मारपीट करने वाले परिवार पर ठोस कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय मेवाड़ा राजपूत समाज में आक्रोश देखने को मिला। और रविवार को बड़ी संख्या में मेवाड़ा राजपूत समाज के सदस्य आष्टा थाने पहुंचे जहां थाना प्रभारी गिरीश दुबे से मुलाकात कर मासूम बच्चे से बर्बरता पूर्वक मारपीट करने वाले परिवार पर कठोर कार्रवाई की मांग उठाई। इस दौरान थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने मेवाड़ा राजपूत समाजजनों को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### मामूली बात पर पूरे परिवार ने बच्चे को कमरे में बंद कर पीटा था

जानकारी अनुसार आष्टा के ग्राम समरदा निवासी निशा बाई पति प्रेमसिंह जाति मेवाडा ने दो माह पूर्व आष्टा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी की आष्टा की बजरंग कॉलोनी में मीना माहेश्वरी के मकान में किराए से रहते हैं और घर पर ही सिलाई का काम करती हूं। मेरे पति प्रेमसिंह प्रायवेट कंपनी में काम करते है। मेरे दो लड़के है बड़ा लड़का नैतिक मेवाडा उम्र 14 साल एवं छोटा लड़का मंयक मेवाडा उम्र 8 साल है। मेरे छोटे लड़के मंयक और हमारी मकान मालकिन मीना महेश्वरी की नातिन शानवी उम्र 3 साल खेलते खेलते आपस में झगड लिये थे। जिनका विवाद वही पर समाप्त हो गया था। बाद में 28 मई की शाम करीब 05.30 बजे की बात मेरा बड़ा लड़का नैतिक कोचिंग चला गया, में व मेरा छोटा लड़का मयंक घर पर थे। मैं बाथरूम में गयी थी तो मुझे अचानक मेरे छोटे लड़के मयंक की चिल्लाने की आवाज सुनाई दी तो मैं दौडकर बाथरूम से आई। मेरे लड़के मयंक को हमारी मकान मालकिन मीना महेश्वरी का लड़का रितिक महेश्वरी एवं उनकी लड़की खुशबु कमरे में अंदर ले गये तथा अंदर ले जाकर उनके घर का दरवाजा बंद कर लिया। फिर उन्होने अंदर ले जाकर मेरे बच्चे के साथ खूब मारपीट की तो मुझे मेरे बच्चे के रोने व चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। मैने गेट खोलने के लिये दरवाजा खटखटाया तो उन्होंने गेट नहीं खोला फिर मैं आशिष की दादी को बुलाकर लाई तो उन्होने आकर दरवाजा खुलवाकर मेरे लड़के मंयक को कमरे से बाहर निकाला। फरियादी ने बताया की कमरे के अंदर मकान मालिक का पूरा परिवार रितिक महेश्वरी एवं खुशबू माहेश्वरी के इलावा मीना माहेश्वरी एवं आशिष जाजपुरिया भी मौजूद



थे। फिर मैंने देखा तो मेरे लड़के मयंक को मारपीट की वजह से पेट, सिर में पीछे तरफ, मुह, बाथरुम करने की जगह, आंत के पास एवं शरीर में जगह जगह चोटे आई। मेरे लड़के मंयक ने मुझे बताया था कि की झगडे की बात पर रितिक, खुशबू एवं मकान वाली आंटी ने मेरे साथ उनके घर के अंदर दरवाजा बंद करके लात थप्पड मुक्कों से मारपीट करी है और मेरे सिर पकडकर दीवार से टकरा दिया है।

### चार अस्पतालों में कराया इलाज, अभी भी जीवन मरण के बीच बनी स्थिति

मकान मालिक के परिवार की बर्बरतापूर्वक मारपीट का शिकार मासूम बच्चे का इलाज चार अलग अलग शहरों आष्टा, सीहोर, भोपाल सहित इंदौर के अस्पतालों में कराया। इसके बावजूद बच्चे की स्थिति नाजुक बनी हुई है फरियादी ने बताया की मेरे लड़के मयंक को अधिक चोट व दर्द होने से उपचार के लिये सबसे पहले सिविल अस्पताल आष्टा लेकर गयी थी जहां से मेरे लड़के का प्राथमिक ईलाज के बाद जिला अस्पताल सीहोर रेफर कर दिया। फिर यह से मेरे लड़के को भोपाल रेफर करने पर मैक्सकेयर अस्पताल भोपाल लेकर गयी। जहा मेरा लड़का मयंक एक दिन भर्ती रहा। उसी दौरान मैने मेरे पति को फोन करके घटना के बारे में पूरी जानकारी बता दी थी। फिर 29 मई को मयंक के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने से उसको ईलाज के लिये जुपिटर अस्पताल इंदौर में भर्ती कराया तथा वही से मैने घटना के संबंध में पूरी जानकारी मेरे भाई पवन मेवाड़ा को बताई थी मेरे लड़के को वहां पर उपचार कराया।

#### कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे घेराव

28 मई को बच्चों के आपसी विवाद में माहेश्वरी परिवार द्वारा भांजे मयंक को सीडीओ से घसीट कर ऊपर ले जाकर कमरे में बंद कर 20 मिनट तक आरोपियों द्वारा मर गया दरवाजा खटखटाने पर भी उसे नहीं छोड़ा गया, बच्चे की हालत गंभीर होने के कारण 3 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई गई लेकिन जब आरोपियों पर कार्यवाही ना हो पाई तो समाज जनों को साथ लेकर आष्टा थाना आए यदि अब भी दोषियों पर कोई कार्यवाही नहीं होती तो हमें सड़कों पर उतरकर आंदोलन के लिए एवं थाना घेराव के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

**पवन मेवाड़ा,** पीड़ित के मामा

#### प्रकरण दर्ज किया

विगत मह मयंक मेवाड़ा नाम के बालक के साथ उसके मकान मालिक द्वारा मारपीट की गई थी, जिसमें बालक के मां और मामा द्वारा रिपोर्ट कराई गई थी, जिसमें मारपीट से संबंधित धाराओं में प्रकरण पंजीकृत किया गया था, जिसमें भोपाल ओर इंदौर के अस्पतालों से मिली रिपोर्ट के आधार पर धारा 308 जो कि 110बीएनएस की परिधि में आता है,मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी शेष है,जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**गिरीश दुबे,** थाना प्रभारी आष्टा

# सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए मारपीट करने वाले एजेंट

## पुलिस कर रही आरोपियों की तलाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्राइवेट वास्तु हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंटों की मारपीट का शिकार ओमप्रकाश मेवाड़ा ने आरोपियों की पहचान भी कर ली है और यह रिकवरी एजेंट पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गए हैं ऐसे में अब पुलिस इन अज्ञात आरोपियों का ज्ञात करने में ज्यादा देर नहीं लगाएगी। और जल्द ही इन रिकवरी एजेंट को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ़्तार कर आगे की कार्यवाही कर सकती है वही पीड़ित ओमप्रकाश को अब नेताओं का समर्थन भी मिलना शुरू हो गया है और ओम प्रकाश के साथ हुई मारपीट और अभद्रता करने वाले आरोपियों पर ठोस कार्रवाई सहित वास्तु हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड फाइनेंस कंपनी की मान्यता लाइसेंस निरस्त करने की मांग भी उठने लग गई है।

### मांग: फाइनेंस कंपनी का लाइसेंस हो निरस्त

जिस तरह से प्रायवेट फाइनेंस कंपनियों के रिकवरी एजेंटों द्वारा उपभोक्ताओं से अभद्रता, गाली गलौज डराना धमकाने जैसे मामले आए दिन देखने को मिलते हैं ऐसे में बीते दिवस बैंक के रिकवरी एजेंट द्वारा मारपीट जैसी घटना से हर कोई सकते में है और अब आष्टा निवासी ओमप्रकाश से मारपीट करने वाले वास्तु हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंटों पर ठोस कार्रवाई सहित इस वास्तु हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड फाइनेंस कंपनी का लाइसेंस निरस्त करने तक की मांग पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश वैध ने उठाई है जावर के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश वैध ओमप्रकाश से मिलने उनके निवास पहुंचे और हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए भारतीय रिजर्व बैंक से वास्तु हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड फाइनेंस कंपनी का लाइसेंस निरस्त करने की मांग कि है तो पुलिस प्रशासन से रिकवरी एजेंटों पर ठोस कार्रवाई कर जेल भेजने की मांग की है।

### बैंक मैनेजर को नहीं है घटना की जानकारी

इस मामले पर वास्तु हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड फाइनेंस कंपनी के सीहोर ब्रांच मैनेजर रवि वर्मा से इस मामले की जानकारी चाही तो पहले उन्होंने उक्त घटना की जानकारी होने से ही साफ साफ मना कर दिया। और कहा की मुझे कोई जानकारी नहीं है क्या घटना हुई है और हमारे यह कोई रिकवरी एजेंट नहीं है बाकी की जानकारी आपको कल ऑफिस पहुंच कर ही दे पाऊंगा। ऐसे में अब यह बैंक मैनेजर भी सवालों के घेरे में आ गए हैं और कई सवाल इनकी संदिग्ध भूमिका की और इशारा कर रहे हैं ऐसे में पुलिस आरोपियों की पकड़ कर सख्ती से पूछताछ करेगी तो बैंक कई अधिकारी भी इस मामले में आ सकते हैं। खेर मामला गंभीर मारपीट से जुड़ा है तो कई तरह के दबाव भी पीड़ित ओमप्रकाश पर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने बताया कि पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर दो अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया था। सीसीटीवी फुटेज मिलते ही लिया है आरोपियों की गिरफ्तारी कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### हरी घास के साथ अब नए लुक में दिखेगा बीएसआई क्रिकेट ग्राउंड और पिच

**सीहोर।** शहर के एक मात्र क्रिकेट मैदान बीएसआई मैदान पर इन दिनों बारिश में पौधारोपण और समतलीकरण कार्य किया जा रहा है। यहां पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में बच्चे क्रिकेट का अभ्यास करने आते है और क्रिकेट अकादमियों के द्वारा यहां पर आने वाले खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बीएसआई मैदान की पिच अब बहुत जल्द नए लुक में नजर आएंगी। इस ग्राउंड को समतल बनाया जा रहा है और इसके बाद इस पर आकर्षक हरी घास लगाई जाएगी।

# ग्रामीणों को नशे से दूर रहने पुलिस ने दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

15 दिवसीय नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देश व अनुविभागी अधिकारी आकाश आमलकर के मार्गदर्शन में सिद्धिगंज थाना प्रभारी राजू सिंह बघेल, खाचरोद चौकी प्रभारी सूरज सिंह परिहार ने रविवार को नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी अंतर्गत ग्राम खाचरोद में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें थाना प्रभारी ने नशे से होने वाले नुकसान



के बारे में बताया। नशा जहां शारीरिक नुकसान पहुंचता है नशा करने से धीरे-धीरे शरीर में जहर घुल जाता है। धीरे-धीरे बड़ी बीमारी बन जाती है जिसका इलाज करने में काफी आर्थिक नुकसान भी होता है। परिवार के बीच मुखिया के जाने से बीवी बच्चों को काफी परेशानी उठाना पड़ती है। इसलिए सभी से अपील है कि किसी प्रकार का नशा नहीं करें। ग्रामीणों को बैनर पोस्टर देकर नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ दिलाई। बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के सम्बन्ध मे उन को। जानकारी दी गई व पोस्टर पंपलेट का वितरण किया। नशे के दुष्प्रभाव हेल्प लाइन आदि के सम्बन्ध मे जानकारी दी गई। थानाप्रभारी द्वारा अपने फोन नंबर ग्रामीण नो से साझा किए। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा हमारा यही संदेश नशा मुक्त हो मध्य प्रदेश के नारे लगाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। इस मौके पर सिद्धि गंज थाना प्रभारी राजू सिंह बघेल, खाचरोद चौकी प्रभारी सूरज सिंह परिहार समस्त पुलिस स्टाफ व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# संयम ही जीवन का सार है: साध्वीवर्या नम्रव्रता श्रीजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के श्री महावीर स्वामी श्वेताम्बर जैन मंदिर, गंज में चातुर्मास हेतु साध्वी मंडल मंदिर के उपाश्रय में विराजमान है और प्रतिदिन उनके प्रवचन व सत्संग का लाभ सभी को प्राप्त हो रहा है। उनके द्वारा करवाए जा रहे धार्मिक आयोजन धर्मानुरागियों के लिये मोक्ष का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

साध्वीमंडल में ढंक तीर्थोद्धारिका साध्वी श्री चारूव्रताश्रीजी की शिष्या साध्वी श्री नम्रव्रता श्रीजी , मग्नव्रताश्रीजी मसा और मीतव्रता श्रीजी मसा शामिल हैं। रविवार को साध्वीवर्या नें अपने प्रवचन में जीवन में संयम का महत्व बताया, उन्होंनें कहा कि प्रकृति नें सभी जीवों में मनुष्य को जो विशेष चेतना शक्ति प्रदान की है उसका पूर्ण लाभ तभी उठाया जा सकता है जब जीवन में संयम हो। यदि जीवन में संयम नहीं है तो मनुष्य की यही



चेतना अनिष्टकारी बन जाती है और इसी चेतना को सही मार्ग दिखाने का कार्य प्रभु महावीर नें किया है। अब हमे केवल प्रभु महावीर को मानने के साथ साथ उनके बतायें मार्ग पर भी अग्रसर होना है यही सच्चा जैनत्व है। हम जन्म से जैन हैं साथ ही हमें कर्म से भी सदैव जैन बने रहना है तभी जीवन की सार्थकता है। प्रवक्ता अतुल सुराणा नें बताया कि प्रवचनो के साथ आज चारित्र उपकरण वंदनावली कार्यक्रम भी विशेष आयोजन हुआ। जिसमें जैन साधु-साध्वी अपने संयम जीवन में जिन न्यूनतम उपकरणों का उपयोग अपनी दिनचर्या में करते हैं उनके उपयोग सहित उनकी महत्ता का संगीतमय वर्णन किया गया। संयम जीवन के सबसे महत्वपूर्ण उपकरण ओघा जिसे रजोहरण भी कहा जाता है उसे अपने घर ले जाने का लाभ कल्याणमल, राजेन्द्रकुमार, उमेश कुमार श्रीश्रीमाल परिवार को प्राप्त हुआ। विभिन्न लाभार्थियों एवं तपस्वियो का बहुमान भी किया गया एवं तपस्या के रूप में आयम्बिल व एकासने का आयोजन हुआ। संयम के सारथि के रूप में छोटे-छोटे बालक-बालिकाओं नें भी इन तपस्याओं में भाग लिया तथा परम पूज्य साध्वीवर्या द्वारा इस चातुर्मास के दौरान विभिन्न प्रकार के संयम रखने की प्रतिज्ञा भी उपस्थित जनों को दिलवाई गई। आयोजन का सफल संचालन सलोनी अक्षय चतरमुथा द्वारा किया गया।

आयोजन में समाजजन एवं विभिन्न पदाधिकारी नगीन वोहरा एडवोकेट, प्रदीप धाड़ीवाल, प्रताप चतरमुथा, देशचंद वोहरा, डॉ विजय कोचर, डॉ. प्रकाश कोचर, प्रवीण धाड़ीवाल, पवन सुराणा, प्रभात धाड़ीवाल, अतुल सुराणा, आलोक वोहरा, कमल सुराणा, मनोज सुराणा, त्रिलोक वोहरा, राहुल चतरमुथा, कुलदीप कोचर, मनोज ललवानी, पराग धाड़ीवाल, अंकित वोहरा, गौरव कोठारी, अखिलेश छाजेड़ सहित समस्त महिला मंडलो की उपस्थिति रही।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत ग्रामीणों को किया जागरूक

# मानव श्रृंखला बनाकर नशे से दूर रहने दिया संदेश





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

रविवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत सिद्धिगंज थाना पुलिस द्वारा बस स्टैंड पर मानव श्रृंखला बनाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। जिसमें ग्राम बस स्टैंड के व्यापारीगण व ग्रामीण उपस्थित रहे। उन्हें ग्रामीणों द्वारा मानव श्रृंखला के साथ नारे लगाए गए नशे से दूरी है जरूरी वही मानव श्रृंखला के माध्यम से बताया गया कि सभी को नशे से बचाना है। सभी को नशे से दूरी रखना है। मानव श्रृंखला के माध्यम से बताया गया कि किसी भी नशीला पदार्थ का सेवन नहीं करना चाहिए। वही ग्रामीणों को जागरूक किया गया कि कभी भी किसी भी नशा नहीं करना चाहिए। यह शरीर के लिए बहुत ही खतरनाक होता है। हम सभी को हमेशा नशे से दूरी बनाकर रखना चाहिए। वही ग्राम के बस स्टैंड पर एक बड़ी मानव श्रृंखला बनाकर नशे से दूरी है जरूरी का ग्रामीणों को संदेश दिया गया। कभी भी किसी को नशे का सेवन नहीं करना चाहिए नशे से दूरी बनाए रखना चाहिए। अभियान के दौरान ग्राम के व्यापारीगण, ग्रामीण सहित थाना प्रभारी राजू बघेल, राहुल माझी, थाना स्टाफ नंदकिशोर बागवान उपसरपंच, अनिल वर्मा, जितेंद्र सोलंकी, देवेंद्र बजाज, विनोद राठौड़, लखन धरवा, अय्यूब खा,अजय राठौर, आदि ग्रामीण एवं व्यापारी अनुपस्थित रहे। अभियान के दौरान थाना प्रभारी द्वारा हेल्पलाइन नंबर दिए गए।

# सीमांकन लंबित होने से अटका निर्माण, ग्रामीणों ने चेताया, कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम मेहतवाड़ा में प्रस्तावित सरकारी अस्पताल के डाक्टरों व स्टाफ के क्वार्टरों का निर्माण कार्य लंबे समय से अटका हुआ है। क्वार्टर हेतु कलेक्टर द्वारा खसरा नंबर 317/1 रकबा 0.085(20 डेसिमल) भुमि स्वास्थ्य विभाग को आवंटित की गई है। इस भुमि का सीमांकन कर स्वास्थ्य विभाग को राजस्व विभाग तहसीलदार द्वारा दी जाना थी। लेकिन लगभग तीन माह से इंतजार निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए ठेकेदार इंतजार कर रहे हैं। राज्स्व विभाग आजकल-आजकल करते-करते तीन माह निकाल दिये है। अब ठेकेदार पस्त हो कर क्लोजिंग डालने पर मजबूर हैं। लगभग राजस्व विभाग के सभी उच्च अधिकारियों से बार बार मांग की जा रही है किन्तु राजस्व अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। अर्थात ध्यान नहीं दे रहे हैं। सम्पूर्ण ग्राम वासियों द्वारा क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर और एसडीएम, तहसीलदार को ज्ञापन देकर समस्या से अनेको बार अवगत करवा चुके हैं। यदि जनप्रतिनिधियों और राजस्व अधिकारियों का यही रूख रहा तो समस्त ग्राम वासियों द्वारा मजबूरन एक वृहद आक्रोश आंदोलन और वृहद



रैली का आयोजन मेहतवाड़ा से आष्टा एसडीएम कार्यालय तक किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से गगन सिंह पटेल, गगन सिंह पहलवान, मानसिंह पाटीदार, जीवन सिंह, राम सिंह, जीवन सिंह, तेज सिंह, बिजेंद्र सिंह, जसपाल सिंह ठाकुर, मोहनलाल मालवीय, कैलाश मालवीय ,बजे सिंह मालवीय, गजेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र पहलवान, हरि सिंह,चेतन सिंह, धर्मेन्द्र सिंह जागीरदार, श्रषि पटेल, सोबाल सिंह पहलवान, बलवान सिंह पहलवान, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह, अकेसिह, सुरेन्द्र, अंकित, चन्दर सिंह, विजेन्द्र सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।